# बिहार विधान-सभा वादवृत

बृहस्पतिवार तिथि २१ सितम्बर, १६७२।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में बृहस्पतिवार, तिथि २१ सितम्बर, १६७२ को पूर्वाह्न ६ बजे उपाध्यक्ष, श्री शकूर अहमद के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली के नियम ४ परन्तुक के अन्तर्गत सभा-मेज पर प्रश्नों के लिखित उत्तरों का रखा जाना :

श्री दारोगा प्रसाद राय—महोदय, मैं षष्ठ विधान-सभा, १६७२ के अनागत, अल्पसूचित, तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम ४ के परन्तुक के अनुसार सदन की मेज पर रखता हूँ। (*)

---

पाद टिप्पणी (*) उत्तर के लिये कृपया परिशिष्ट २ देखें।

तारांकित प्रश्न संख्या-४८ ।

११०। श्रीमती राजपति देवी—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि प्रिन्स ऑफ वेल्स मेडिकल कालेज, पटना में आदिवासी छात्रों से नामांकण शुल्क, शिक्षा शुल्क, विविध शुल्क वसूल कर लिया जाता है;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त कालेज के आदिवासी छात्र, श्री कपिलदेव मंडल, चतुर्थ वर्ष, श्री उचित लाल मंडल, द्वितीय वर्ष, श्री वासुदेव मंडल, द्वितीय वर्ष, श्री अनुरुद्ध प्रसाद सिंह, अंतिम वर्ष, से नामांकण शुल्क, शिक्षा शुल्क एवं विविध शुल्क वसूल कर लिया गया है, यदि हां, तो उन्हें उनसे ली गयी रकम वापस की जायगी, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

श्री टी० मुचि राय मुण्डा—(१) उत्तर आंशिक रुप में स्वीकारात्मक है। उक्त कालेज के आदिवासी छात्रों से केवल नामांकन शुल्क एवं विविध शुल्क इस वर्ष लिया गया है।

(२) उक्त कालेज के आदिवासी छात्र, श्री कपिलदेव मण्डल, चतुर्थ वर्ष, श्री वासुदेव मण्डल, द्वितीय वर्ष, श्री उचित लाल मण्डल, द्वितीय वर्ष, श्री अनुरूद्ध सिंह अंतिम वर्ष से सिर्फ नामांकन शुल्क एवं विविध शुल्क ले लिया गया है। उक्त कालेज के प्राचार्य ने आश्वासन दिया है कि वे शीघ्र ही ली गयी राशि संबंधी विद्यार्थियों को वापस कर देंगे।

---

मुख्यालय का रेल मार्ग से सम्बन्ध।

१७२। श्री रामेश्वर प्रसाद महथा एवं श्री रघुनन्दन प्रसाद—क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिले का मुख्यालय हजारीबाग रेल मार्ग से जाने तक सम्बन्ध नहीं है। यदि हां, तो राज्य